Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-166 सागवाड़ा, शनिवार, 19 फरवरी, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## भारत के इतिहास में सबसे बड़ी सजा

# अहमदाबाद ब्लास्ट के 49 दोषियों में से 38 को फांसी

## 11 आखिरी सांस तक सलाखों के पीछे कैद रहेंगे

**अहमदाबाद।** साल 2008 में गुजरात के अहमदाबाद में हुए सीरियल बम धमाकों के मामले में दोषियों को सजा सुना दी गई है। विशेष न्यायाधीश एआर पटेल की अदालत ने 49 अभियुक्तों में से 38 लोगों को फांसी की सजा सुनाई गई है। ये फैसला एक रिकॉर्ड है क्योंकि अभी तक एक साथ इतने लोगों को कभी फांसी की सजा नहीं सुनाई गई है। बाकी 11 दोषियों को उम्र कैद की सजा मिली है। अदालत ने कहा है कि ये 11 दोषी जब तक जीवित हैं, जेल में ही रहेंगे। पीड़ित परिवारों के लिए, अदालत ने हर एक को 1 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों के लिए 50,000 रुपये और नाबालिग घायलों के लिए 25,000 रुपये का मुआवजा दिया। कोर्ट ने दोषियों पर 2.85 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया। फैसला आईपीसी की धारा 302 (ए) और यूएपीए की धारा 16 (1) (बी) के तहत सुनाया गया। अहमदाबाद में 26 जुलाई 2008 को हुए सिलसिलेवार बम धमाके में 70 मिनट के भीतर 56 लोगों की मौत हो गई थी और 200 से अधिक घायल हो गए थे। अदालत में 13 साल से भी ज्यादा समय तक मामला चलने के बाद, गत सप्ताह 49 लोगों को दोषी ठहराया गया और 28 अन्य को बरी कर दिया गया था। सोमवार को अभियोजन पक्ष ने दलीलें खत्म की थीं और अभियुक्तों को अधिकतम सजा देने का अनुरोध किया था। अदालत ने 77 अभियुक्तों के खिलाफ पिछले साल सितंबर में मुकदमे की कार्यवाही खत्म की थी। विचाराधीन 78 आरोपियों में से एक सरकारी गवाह बन गया था। पुलिस का दावा है कि उक्त आरोपी आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन से जुड़े हैं। आरोप था कि इंडियन मुजाहिदीन के आतंकवादियों ने 2002 में हुए गोधरा दंगे का प्रतिशोध लेने के लिए बम धमाके की साजिश रची थी।

### 70 मिनट में 21 धमाकों से दहल उठा था शहर



### सीरियल बम ब्लास्ट के आरोपियों को फांसी पर पहुंचाने वाले अफसर 4 महीने घर नहीं गये



**रायपुर।** हमले का डर था, सैकड़ों किमी के सफर में पानी पीने भी नहीं रुकते थे। 26 जुलाई 2008 को अहमदाबाद में हुए सीरियल बम ब्लास्ट के आरोपियों को आखिरकार सजा मिल गई है। कोर्ट ने 49 आरोपियों में से 38 को फांसी की सजा सुनाई है, जबकि 11 आरोपी ताउम्र जेल में रहेंगे। पहली बार किसी केस में एक साथ इतने आरोपियों को फांसी सुनाई गई है। इस केस के लिए बनी जांच टीम में शामिल रहे पुलिस अधिकारी आरवी असारी से बात की। अहमदाबाद के जॉइंट पुलिस कमिश्नर (JCP) असारी ने बताया कि किस तरह पूरे देश से आतंकियों को तलाश करने के बाद पकड़ा गया। बम विस्फोट के वक्त मैं गोधरा में ड्यूटी पर था। असारी के मुताबिक, '26 जुलाई, 2008 को जब अहमदाबाद में सीरियल बम विस्फोट हुआ था, तब मैं गोधरा में ड्यूटी पर था। मेरे पास फोन आया कि आप तुरंत अहमदाबाद क्राइम ब्रांच को रिपोर्ट करें। अगले दिन 27 तारीख को मैं अहमदाबाद क्राइम ब्रांच में मौजूद था। पूरे राज्य में इस आतंकी हमले की चर्चा हो रही थी। हमारी जांच टीम को यह पता लगाने का टास्क दिया गया कि इस हमले के पीछे कौन हैं और उन्हें दंडित कराया जाए।' 'मेरे वरिष्ठ अधिकारी अभय चुडासमा ने मुझे यह पता लगाने का काम सौंपा कि आतंकवादियों ने ब्लास्ट्स में यूज सामग्री कहां तैयार की थी और बम कहां बनाए गए थे। साथ ही इसके सारे सबूत इकट्ठा करने को कहा। इस बीच कई अधिकारी मेरी टीम में शामिल हो गए और हम धीरे-धीरे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे थे कि RDX (प्लास्टिक एक्सप्लोसिव) को रखने की जगह और इससे जुड़ी संदिग्ध सामग्री कहां मिल सकती है।

## पंचायत कोरम की बैठक आयोजित, दुकानों का किराया वसूलने जारी किया नोटिस

**सीमलवाड़ा।** ग्राम पंचायत बांसिया में पंचायत कोरम की बैठक सरपंच सूरज देवी डोडियार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पंचायत क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा की गई। आबादी पट्टों के आवेदन को लेकर कमेटी गठित कर निस्तारण करने का प्रस्ताव लिटा। काजेरी तालाब ओटा नाले में अतिक्रमण होने की शिकायत पर अतिक्रमी कांतिलाल ननोमा ने बताया कि पूर्व में तत्कालीन सरपंच मीरा देवी एवं सत्यपाल रोत द्वारा दो अलग अलग पट्टे निशुल्क दिए है जिसका रजिस्ट्रेशन हो चुका है। उक्त आवंटित भूमि पर निर्माण कार्य हेतु पंचायत से स्वीकृति चाही गई है। इस प्रकरण के निस्तारण को लेकर शनिवार को कमेटी एवं ग्रामीणों द्वारा मौका मुआयना करने का फैसला लिया है। ग्राम विकास अधिकारी भंवर लाल बंजारा ने बताया कि बैठक में मनरेगा योजना अंतर्गत अधिकाधिक संख्या में श्रमिकों के सौ दिन पूर्ण कराने, जनता जल योजना की उपयोगिता नही के बराबर होने, पंचायत की दुकानों का किराया वसूलने नोटिस जारी करने समेत बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान पंचायत समिति सदस्य विमल प्रकाश डोडियार, वार्ड पंच किशु भाई यादव, पंकज बंजारा, नारायण ननोमा, रमण लाल डामोर, बंशीलाल रावल, दिलीप डोडियार, भुरजी डोडियार, दिनेश कलाल समेत कई मौजूद रहे।

## मुस्लिम समाज की साप्ताहिक क्रिकेट प्रतियोगिता 20 फरवरी से शुरू

**सागवाड़ा।** मुस्लिम समाज की पहली 4 साप्ताहिक क्रिकेट प्रतियोगिता 20 फरवरी से नगर के महिपाल खेल मैदान में प्रारम्भ होगी। मुस्लिम समाज क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजक अफजल लखारा, मोहीन खान,लक्की पठान,सोहेल पठान , वसीम मकरानी ने बताया मुस्लिम समाज ने पहली बार सामाजिक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 20 फरवरी, रविवार को महिपाल खेल मैदान में कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश खोडनिया मुख्य अतिथी, पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोड़निया अध्यक्षता, नपा उपाध्यक्ष मोहम्मद ईस्माईल घांची, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष चन्द्र शेखर सिंघवी,ललित पंचाल, कांग्रेस नगर अध्यक्ष बधु पाठक,पार्षद फारूख लखारा, शायर हुसैन व समाजजनो के विशिष्ट अतिथीय में आयोजित होगी ।

प्रतियोगिता में डूंगरपुरगलियाकोट , बांसवाड़ा, सागवाड़ा, खेरवाड़ा , सलूम्बर, परतापुर सहित कई गांवो से मुस्लिम समाज की टीमे भाग लेगी। प्रतियोगिता प्रति शनिवार व रविवार को आयोजित होगी प्रतियोगिता का समापन 13 मार्च को होगा । प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमो का पंजीयन आयोजको के पास किया जा रहा है।

## डूंगरपुर में कोरोना की कम हुई रफ्तारके, 98.21 फीसदी पहुंची जिले की कोरोना रिकवरी रेट

### वर्तमान में 122 केस ही एक्टिव

डूंगरपुर। जिले में अब कोरोना संक्रमण के तेवर ढीले पड़ते जा रहे है। कोरोना की तीसरी लहर में अब तक जिले में 6997 मरीज कोरोना संक्रमित आये थे जिसमे से 6872 मरीज रिकवर हो चुके है। वही वर्तमान में 122 केस ही एक्टिव है। इधर इसके साथ ही जिले में कोरोना रिकवरी रेट 98.21 फीसदी पहुँच गई है। वही एक भी मरीज कोविड अस्पताल में भर्ती नहीं है।

जिले में 4 जनवरी को शुरू हुई तीसरी लहर ने 44 दिन पुरे कर लिए है। इन 44 दिनों में जिले में 6997 मरीज कोरोना संक्रमित आये थे जिसमे 4025 पुरुष व 2972 महिलाए संक्रमित हुई थी। वही पोजिटिव आये 6997 मरीजो में से 6872 मरीज रिकवर हो चुके है। इधर जिले के लिए बड़ी राहत की बात यह है की जहा कोरोना संक्रमण के केस कम होने लगे है वही जिले की कोरोना रिकवरी रेट 98.21 फीसदी पहुँच गई है। कोरोना की तीसरी लहर का पीक 21 दिन में आया था जो 12 दिन तक चला। अब आगामी 10 दिन में संक्रमण खत्म होने की उम्मीद है। तीसरी लहर के दौरान सबसे अधिके केस 24 जनवरी को 699 एक साथ मिले थे, उस समय जिले की पॉजिटिविटी रेट एक ही दिन में 9 से बढ़कर 15 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। कोरोना का पीक चल रहा था। संक्रमण ने शहरी से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों को अपनी गिरफ्त में लिया है। सरकारी आंकड़ो के अनुसार जिले के शहरी क्षेत्र में अब तक 2049 केस तो वही ग्रामीण क्षेत्रो में 4948 संक्रमित आये है। वही तीसरी लहर में 6863 लोग स्थानीय लोग संक्रमित हुए है जबकि 134 लोग प्रवासी संक्रमित हुए है। इधर कोरोना के चलते तीसरी लहर में जिले में 3 लोगो की मौत भी हुई है।

### तीसरी लहर में सबसे अधिक संक्रमित 10-19 वर्ष के

| उम्र | कुल केस | मृत केस |
|---|---|---|
| 0-9 | 253 | 0 |
| 10-19 | 2423 | 0 |
| 20-29 | 1213 | 0 |
| 30-39 | 1132 | 0 |
| 40-49 | 864 | 1 |
| 50-59 | 684 | 1 |
| 60-69 | 317 | 1 |
| 70-79 | 92 | 0 |
| 80-100 | 19 | 0 |

### सुरक्षित रहने के लिए कोरोना गाइड लाइन की पालना जरुरी

इधर डूंगरपुर जिले के सीएमएचओ डॉ राजेश शर्मा ने बताया की जिले में कोरोना संक्रमण में अब धीरे-धीरे कमी आ रही है। लेकिन खतरा अभी भी बना हुआ है। सीएमएचओ डॉ शर्मा ने कहा की कोरोना से बचाव के लिए कोरोना वेक्सिनेशन के साथ कोरोना गाइड लाइन की पालना जरूरी है। ऐसे में उन्होंने आम जन से सरकार की ओर से जारी गाइड लाइन के अनुसार मास्क लगाने, भीड़ भाड़ वाली जगह पर जाने से बचने की अपील की है।

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दो साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**सीमलवाड़ा।** धंबोला पुलिस ने एक नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दो साल से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। सीआई भैयालाल आंजना ने बताया कि झाफरा निवासी पंकज कुमार पुत्र बाबूलाल खोखर को गिरफ्तार किया है। धंबोला पुलिस थाने में 5 अक्तूबर 2020 को पीड़िता के पिता ने रिपोर्ट दर्ज करा बताया था कि 18 मार्च 2020 को नाबालिग पूर्ति को जबरन पत्नी बनाने की नियत से पंकज खोखर भगा ले गया है। पुलिस ने नाबालिग को दस्तयाब कर मेडिकल कराया था लेकिन आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बचने इधर उधर भागता रहा। एएसआई गोविंद सिंह, लोकेंद्र सिंह, कमलाशंकर ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया। आरोपी पंकज पहले से ही शादी शुदा है एवं उसके तीन लड़के है। वही प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता के भी 15 माह की बच्ची होना बताया जा रहा है।

## संस्कार केंद्र प्रमुखों का एक दिवसीय अभ्यास वर्ग आयोजित



**सागवाड़ा।** भीलूड़ा गांव में विद्या भारती सेवा संस्थान ने संस्कार केंद्र प्रमुखों का एक दिवसीय अभ्यास वर्ग आयोजित किया। अभ्यास वर्ग के मुख्य वक्ता राजस्थान क्षेत्रिय सेवा प्रमुख बाबूलाल शर्मा थे । कार्यक्रम के शुरुवात में मां भारती की तस्वीर पर फूलमाला ओर दीप प्रज्वलन कर किया गया । जिसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य वक्ता शर्मा ने अभ्यास वर्ग को संबोधित किया । शर्मा ने कहा की देश, धर्म, संस्कृति, हमारे गौरव शाली इतिहास,स्वभाषा, स्वभूषा, स्वदेशी जैसे भावों को जागृत करते हुए हिन्दू समाज व धर्म का संरक्षण करने के महान ध्येय को अर्जित करने की बात कही। कार्यक्रम में विद्या भारती संस्थान के चित्तौड़ प्रांत के संस्कार केंद्र प्रमुख प्रभात आमेटा ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि गरीब को गणेश मानकर उसकी सेवा करना ही नारायण की सेवा करना है। विद्या भारती संस्थान डूंगरपुर के जिला सचिव जितेंद्र कुमार जोशी ने भी एक सत्र को संबोधित किया।समापन समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सागवाड़ा के नगर संघ चालक उमाकांत व्यास रहे उन्होंने बताया कि इन संस्कार केंद्रों के माध्यम से सेवाबस्ती में नशा मुक्ति जैसी कुरीतियों का उन्मूलन करने में भी हमारी महत्वपूर्ण भूमिका रहे। अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष कन्हैया लाल भाटिया ने की। कार्यक्रम का संचालन जिला संस्कार केंद्र प्रमुख गिरीश पाटीदार ने किया। स्वागत नागिन सोमपुरा व जितेंद्र जोशी ने किया। संकुल प्रमुख दिनेश व्यास ने आभार व्यक्त किया।

## नगरपरिषद ने स्वच्छता रैंकिंग प्रतियोगिता का परिणाम किया घोषित, अव्वल रहने वाले संस्थानों को किया पुरुस्कृत

**डूंगरपुर।** नगरपरिषद स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की तैयारियों में जुटी हुई है। इसी के तहत पिछले दिनों शहर में नगरपरिषद की ओर से आयोजित हॉस्पिटल, ऑफिस ,विद्यालय और होटल की स्वच्छता रैंकिंग प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। वही प्रतियोगिता में अव्वल रहने वाले संस्थानों को नगरपरिषद में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण में 50 हजार की आबादी में टॉप पर रहने के बाद अब स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के लिए भी अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए नगरपरिषद की ओर से सर्वेक्षण के विभिन्न मापदंडो पर काम किया जा रहा है। इसी के तहत पिछले दिनों नगरपरिषद की ओर से शहर के हॉस्पिटल, ऑफिस ,विद्यालय और होटल्स के लिए स्वच्छता रैंकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया था। उसी प्रतियोगिता का आज नगरपरिषद की ओर से परिणाम घोषित किया गया।

वही इसी के तहत नगरपरिषद के सभागार में अव्वल रहने वाले संस्थानों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सभापति अमृतलाल कलासुआ रहे तो वही समारोह में उपसभापति सुदर्शन जैन मौजूद रहे। समारोह में सभापति अमृत कलासुआ और उपसभापति सुदर्शन जैन ने स्वच्छता रेंकिंग में प्रथम, द्वितीय व तीसरे स्थान पर रहने वाले संस्थानों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता के तहत डूंगरपुर शहर में सबसे स्वच्छ होटल, सरकारी कार्यालय, स्कूल, हॉस्पिटल और स्वच्छ पुलिस थाने के प्रतिनिधि को सम्मानित किया गया। वही समारोह में नगरपरिषद द्वारा बच्चो के लिए स्वच्छता को लेकर आयोजित चित्रकला, पोस्टर, निंबंध, रंगोली, जिंगल्स और नुक्क्ड़ नाटक प्रतियोगिता में भी अव्वल रहने वाले प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया गया।

इस मौके पर समारोह को संबोधित करते हुए सभापति अमृतलाल कलासुआ ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में पिछले 4 सालों से राजस्थान में अव्वल रहने के साथ राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होने वाली डूंगरपुर नगर परिषद ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में अव्वल आने के लिए भी प्रयास शुरू कर दिए है। आगामी मार्च माह में होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के सर्वे से पहले डूंगरपुर नगर परिषद ने सर्वेक्षण के सभी मापदंडों पर काम शुरू कर दिया है।

## पंजाब में कांग्रेस की सरकार बनेगीः पायलट



**जयपुर।** कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने पंजाब में अपनी पार्टी के एक बार फिर से सरकार बनाने की उम्मीद जताते हुए शुक्रवार को कहा कि राज्य में विपक्ष बिखरा हुआ है। साथ ही इनमें से कोई दल या गठबंधन बहुमत हासिल करने की स्थिति में नहीं है और ऐसे में लोग अपना वोट बर्बाद नहीं करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि संवदेनशील सीमावर्ती राज्य पंजाब में शासन करने के लिए कांग्रेस सबसे योग्य है और आम आदमी पार्टी में यह करने की क्षमता का अभाव है। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री पायलट ने कहा कि अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री पद से हटाया गया क्योंकि वह विधायकों का विश्वास खो चुके थे और उनकी नवगठित 'पंजाब लोक कांग्रेस' और उनकी सहयोगी बीजेपी और शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) का इस चुनाव में कोई असर नहीं होगा। उनके मुताबिक, विधानसभा चुनाव के बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार के कांग्रेस छोड़ने से कांग्रेस की संभावना पर किसी तरह का प्रभाव नहीं पड़ने वाला है। पायलट ने पंजाब में कांग्रेस के समक्ष सत्ता विरोधी लहर की चुनौती होने की बात को खारिज करते हुए कहा कि आखिरी के तीन महीनों में मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी की अगुवाई में सरकार ने मध्य वर्ग और किसानों के लिए बिजली, पानी और आवास के संदर्भ में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जिन्हें लोगों ने सराहा है। उन्होंने जोर देकर कहा, ''चन्नी जी के पिछले कुछ महीनों के कामों ने कांग्रेस सरकार को लोगों से जोड़ा है।'' कांग्रेस नेता ने कहा, ''जहां तक विपक्ष का सवाल है तो पिछले कई दशकों में हम ऐसा देख रहे हैं कि पंजाब में बहुकोणीय मुकाबला हो रहा है।

अमरिंदर सिंह की पार्टी ने बीजेपी से गठबंधन किया है तो अकाली दल ने बसपा के साथ तालमेल किया है। आम आदमी पार्टी अलग चुनाव लड़ रही है। ऐसे में विपक्ष बिखरा हुआ है।'' उनका कहना है, ''इन विपक्षी दलों में से कोई एक पार्टी या इनका गठबंधन सरकार बनाने या बहुमत हासिल करने की स्थिति में नहीं है। चाहे जितना भी दुष्प्रचार किया जाए या हौवा खड़ा किया जाए, लोग अपना वोट बर्बाद नहीं करेंगे।'' उन्होंने उम्मीद जताई कि कांग्रेस इस चुनाव में पूर्ण बहुमत हासिल करके एक बार फिर से सरकार बनाएगी। पायलट ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में जो वादे किए थे, उनको पूरा नहीं कर पा रही है।

## राजस्थान में बारिश की चेतावनी

**जयपुर।** राजस्थान में मौसम बदल सकता है। बीकानेर संभाग के गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं जिलों में आज एक नया वेदर सिस्टम (पश्चिमी विक्षोभ) सक्रिय हो रहा है। इससे आसमान में बादल छाए रहेंगे और कहीं-कहीं बूंदाबांदी-बारिश हो सकती है। प्रदेश में बदलते मौसम के कारण किसानों और आमजन के लिए परेशानी बढ़ रही है।

गर्म होते मौसम के कारण पश्चिमी राजस्थान में जीरा, इसबगोल की फसलों को नुकसान हो रहा है। वहीं, उत्तर-पूर्वी राजस्थान में सरसों की फसलों पर माऊ कीट (चैंपा) का प्रकोप बढ़ रहा है। जयपुर मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को कम तीव्रता के पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव उत्तर पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं जिलों देखने को मिल रहा है। इन जिलों में कई जगह आसमान में हल्के बादल छाए।